ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः ....   दिनांक ....

सेवा में,

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या,
सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,
ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

विषयः– स्नातक प्रथम खण्ड कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा / सामान्य) सत्र 2022–25 में ऑनलाईन आवेदन किये हुए छात्र / छात्राओं का महाविद्यालय स्तर पर स्पॉट नामांकन (Spot Admission Process) के तहत नामांकन के संबंध में।

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि स्नातक प्रथम खण्ड कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा / सामान्य) सत्र– **2022–25** में नामांकन हेतु प्रथम एवं द्वितीय चयन सूची जारी की गई थी। द्वितीय चयन सूची के आधार पर नामांकित विद्यार्थी के Updation के बाद विभिन्न महाविद्यालयों के विभिन्न विषय में जो सीट रिक्त रह गई है, उन सीटों के लिये स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की प्रक्रिया के तहत 22 अक्टूबर तक संबंधित महाविद्यालय में नामांकन होगा। स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु वैसे विद्यार्थी जिनका चयन प्रथम एवं द्वितीय चयन सूची (Second Selection List) में भी नहीं हुआ है अथवा वैसे विद्यार्थी जिन्होंने चयन होने के पश्चात भी नामांकन नहीं लिया था, वैसे सभी छात्र / छात्रा ***दिनांक–17.10.2022 से 22.10.2022 के*** बीच स्पॉट नामांकन (Spot Admission) प्रक्रिया के तहत रिक्त सीटों पर सम्बन्धित महाविद्यालय सीधे नामांकन लेंगे। इन रिक्त सीटों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कोई सूची जारी नहीं की जायेगी। इस प्रक्रिया के तहत ऑनलाईन आवेदन किये छात्र / छात्रायें हीं नामांकन करा सकते हैं। जो छात्र / छात्रा पूर्व में नामांकन ले चुके हैं वे अब (Spot Admission) प्रक्रिया के तहत पुनः नामांकन के योग्य नहीं होंगे।

जिन विषयों में सीट रिक्त है उन सीटों को अनारक्षित मानते हुए सभी कोटि के अभ्यर्थियों का नामांकन इन शेष बचे सीटों पर नामांकन लिया जायेगा। नामांकन ***"पहले आओ पहले पाओ"*** के आधार पर होगा। इस प्रक्रिया के तहत नामांकित छात्र / छात्राओं का ***प्रति–दिन Update*** अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाना है। किसी भी छात्र / छात्रा का विषय परिवर्तन कर नामांकन इस प्रक्रिया के तहत प्रधानाचार्य नहीं लेंगे।

ऑनलाईन आवेदन से वंचित छात्र / छात्राओं को इन तीन विषय ***यथा– इतिहास, हिन्दी एवं जन्तु विज्ञान विषय*** में छोड़कर अन्य सभी विषय मे ऑनलाईन आवेदन ***दिनांक– 17.10.2022 से 20.10.2022 तक*** कर सकते है। आवेदन करने के उपरान्त जिस महाविद्यालय में सीट रिक्त है, उन महाविद्यालय में दिनांक– 17.10.2022 से 22.10.2022 तक (Spot Admission) नामांकन करा सकते है। ऐसे आवेदित छात्र / छात्राओं का अलग से कोई चयन सूची जारी नहीं किया जायेगा।

प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या से अनुरोध है कि अपने–अपने महाविद्यालयों कि विषयवार रिक्त सीटों की सूचना, सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित करें ताकि छात्रों को नामांकन हेतु विभिन्न महाविद्यालयों का अनावश्यक चक्कर ना लगाना पड़े। कागजातों की जाँचोपरान्त हीं उन अभ्यर्थियों का नामांकन

15/10/22   15/10/22

सुनिश्चित करेंगे। नामांकन के लिये पूर्व में प्रेषित पत्र छा0क0–126/22 दिनांक–30.08.2022 अहर्ता से संबंधित क्रम सं0– 7 के अनुसार नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे।

नोटः–

प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या को निदेशित किया जाता है कि स्वीकृत सीट से एक भी अधिक नामांकन नहीं लेंगे, अगर सीट से अधिक नामांकन लेते है तो राज्यादेश के उलंघन माना जायेगा एवं इसकी सूचना राज्य सरकार को दे दी जायेगी एवं वैसे छात्र/छात्रा का किसी भी परिस्थिति में पंजीयन एवं परीक्षा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। इसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या की होगी। एतद् संबंधी राज्य सरकार का पत्र अवलोकनार्थ संलग्न है।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

ह0/–

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण

ज्ञापांक 144/22

दिनांक – 15/10/2022

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. **कुलपति के सचिव /प्रति–कुलपति/कुलसचिव/वित्त पदाधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक** के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ।
2. **नोडल पदाधिकारी,** (विश्वविद्यालय वेबसाईट) ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा से अनुरोध है कि उक्त पत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा करें।
3. **निदेशक**, यू0 एम0 आई0 एस0 सेल, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

15/10/22

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण

15/10/22